हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 जनवरी 2026

06 कैसे मिलेगी डिजिटल पहचान... 33%...




08 सागौन कटाई, आगजनी की घटना बढ़ीं, करोड़ों व्यय...





## खबर संक्षेप

### त्यौहार पर तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला नर्मदापुरम में वर्ष 2026 के लिए तीन स्थनीय अवकाश घोषित किए है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर मीना द्वारा 25 सितंबर शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गा नवमी (महानवमी) एवं 11 नवंबर बुधवार को भाई दूज (दीपावली) पर्व, त्यौहार के अवसर पर संपूर्ण जिला नर्मदापुरम में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश बैंक, कोषालय, उप कोषालय पर लागू नही होगें।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ा महंगा

**नर्मदापुरम।** कोतवाली थाना अंतर्गत रोड किनारे सिकलीकर मोहल्ले में आरोपी राकेश उम्र 34 वर्ष निवासी संजय नगर को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना महंगा पड़ा है। पुलिस ने आरोपी से शराब का प्लेन क्वार्टर, नमकीन जब्त कर आबकारी धारा 36 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। विदित हो कि नर्मदापुरम में चौक चौराहों सहित नहर के किनारों पर शराब पीने वालों की संख्या अधिक है। शाम होते ही इटारसी रोड स्थित शराब की दुकान के पास शराबियों की महफिल जमी रहती है।

### उल्लंघन पर खामोश जिला प्रशासन सहित संबंधित विभाग, हो रही दुर्घटनाएं

# यात्री बसों में कंपनी फिटेड पीली लाइट बंद, सफेद बल्बों का हो रहा उपयोग

**नर्मदापुरम जिले में कंडम यात्री बसें सड़कों पर दौड़ाई जा रही हैं व शासकीय नियमों का उल्लंघन हो रहा है। लेकिन संबंधित विभाग मौन है। यहां तक कि कंपनी फिटेड यलो लाइट्स बंदकर बसों को रात्रि में सड़क पर दौड़ाया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




सोमवार दोपहर सोहागपुर में बस दुर्घटना में 25 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। बताया जाता है कि दुर्घटना का कारण बस का स्टेरिंग फेल होना था। स्पष्ट है कि कंडम बसें नर्मदापुरम-जिले की सड़कों पर दौड़ाई जा रही हैं। लेकिन आर्थिक लाभ के लालच में कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी खामोश हैं।

मामले में हरिभूमि ने सोमवार दिन एवं रात्रि में सोहागपुर से नर्मदापुरम व पिपरिया की ओर आती-जाती बसों का अवलोकन किया तो पाया कि दिन की अपेक्षा रात्रि में यात्री बसों के साथ दुर्घटनाओं की संभावनाएं अधिक हैं। क्योंकि बसों चालकों व संचालकों द्वारा शासकीय नियमों का उल्लंघन किया जाता है।

### होती है इमीजिएट ब्लाइंडनेस

वाहन चालकों ने बताया कि रात्रि में सफेद रोशनी वाले बल्ब लगाकर बड़े वाहन सड़क पर दौड़ाए जाते हैं तो सामने से आते वाहनों के चालकों को कुछ सेकेंड के लिए टोटल इमिजिएट ब्लाइंडनेस जैसा अनुभव होता है। तीव्र सफेद रोशनी के कारण सड़क पर कुछ नहीं दिखता है। यहां तक कि वाहन के ठीक सामने यदि कोई मवेशी या बिना बैक लाइट वाला टू व्हीलर अथवा ऑटो जा रहा हो तो वह भी दिखाई नहीं देता है। नर्मदापुरम-जिलावासियों ने कलेक्टर, आरटीओ तथा यातायात पुलिस से मांग की है कि सतत रूप से रात्रि में सड़क से आते-जाते वाहनों का निरीक्षण किया जाए, सफेद लाइट वाले वाहन चालकों व संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा भारी जुर्माना लगाया जाए। ताकि निर्दोष लोगों की जान के साथ सड़कों पर खिलवाड़ ना हो।

#### बंद रखी पीली लाइट्स

सोमवार रात आठ बजे हरिभूमि संवाददाता ने देखा कि सोहागपुर से नर्मदापुरम की ओर जा रही शिवशक्ति बस में कंपनी फिटेड पीली रोशनी वाले बल्ब बंद थे व इनके बीच काफी करीब लगे तीव्र रोशनी वाली सफेद बल्ब्स का उपयोग किया जा रहा था। चर्चा में अजीम खान, आशु खान, अनुराग मसीह आदि ने कहा कि शहरों से दूर रात में बड़े वाहन सफेद रोशनी वाले बल्ब्स रोशनकर दौड़ाए जाते हैं। तब सामने से आते वाहन चालक को ये किसी ऑटो या तिपहिया वाहन की भांति प्रतीत होते हैं। क्योंकि कंपनी फिटेड लाइट्स की दूरी से वाहन के साइज का अनुमान हो जाता है। लेकिन तीव्र सफेद रोशनी वाले बल्ब करीब लगाए जाते हैं। जिससे सामने की ओर से आते वाहन चालक को बस या ट्रक भी छोटे वाहन लगते हैं और इसी कारण आजकल रात्रि में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है।

# सीएम का दौरा, यातायात ने पार्किंग प्लान किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के माखननगर में सीएम डॉ मोहन यादव 15 जनवरी को आएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना की राशि भी अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौर के दौरान समय आमजनों को किसी प्रकार की भी असुविधा न हो इसके लिए पुलिस ने 15 जनवरी को तहसील ग्राउंड माखननगर में प्रस्तावित कार्यक्रम के अवसर पर शहर में यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।कार्यक्रम के दौरान सुचारु एवं सुरक्षित यातायात को ध्यान में रखते हुए 15 जनवरी को प्रातः 08 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कुछ मार्गों पर यातायात डायवर्सन लागू रहेगा। मुख्य मार्ग पर मुख्यमंत्री के आवागमन अथवा रोड शो के दौरान यातायात कुछ देर के लिए रोका जाएगा। आम नागरिकों से अनुरोध है कि कार्यक्रम के दौरान वह वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा ट्रैफ़िक पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

### यहां रहेगा प्रतिबंध

हेलीपेड से सिरवाड़ रोड़ होते हुए माखन लाल चतुर्वेदी जी की प्रतिमा स्थल तक एवं यहां से कार्यक्रम स्थल तक मुख्य मार्ग पर सुरक्षा को देखते हुए वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी और अनाधिकृत रूप से इन मार्गों पर वाहन पार्क करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### ये रहेगी व्यवस्था

- पिपरिया सोहागपुर तरफ से आने वाले वाहनो के लिए- सुमित्रा पब्लिक स्कूल माखननगर
- नर्मदापुरम तरफ से आने वाले वाहनों के लिए - अनाज मंडी माखननगर।
- बागरा तवा रोड तरफ से आने वाले वाहनो के लिए- मंगलदीप मैरिज गार्डन बागरा रोड माखननगर।
- वैकल्पिक पार्किंग - आरी रोड पर अतिरिक्त पार्किंग की आवश्यकता होने पर उपयोग किया जा सकता है।

### आपाकालीन सेवा जारी रहेगी

आपातकालीन सेवाओं विशेषकर मरीजों को ले जा रहे एम्बुलेंस का आवागमन सुचारु बनाए रखने हेतु संबंधित मार्गों पर पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की जाएगी। शासकीय वाहनों की पार्किंग कार्यक्रम स्थल के सामने एमपीईबी परिसर में होगी।

## प्रदेशाध्यक्ष पटवारी से मिले जिला कांग्रेस अध्यक्ष, अहम वार्ता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने मंगलवार को भोपाल पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने जिले की वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से जिले में शेष रहे ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष की जल्द नियुक्ति पर चर्चा की। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, ग्राम पंचायत में कांग्रेस की पंचायत कमेटी का गठन, सेक्टर मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति , शहर में वार्ड कमेटी का गठन एवं अन्य राजनीतिक विषयों पर चर्चाएं हुई। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी सक्रिय एवं जमीनी स्तर पर मजबूत कार्यकर्ताओं को काम करने का अवसर देगी।

## खनिज,परिवहन सहित अन्य बड़े बकायदारों से राजस्व वसूली समय पर करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम कमिश्नर कृष्णगोपाल तिवारी ने मंगलवार को अहम बैठक लेकर कलेक्टरों को राजस्व संग्रह विभाग जिसमें खनिज, परिवहन, नगरीय प्रशासन तथा पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने आईसीएमएस पोर्टल पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण, पंजीयन निराकरण तथा राजस्व अभिलेखों के डिजीटाईजेशन, एग्री स्टेक डाटा फार्मर रजिस्ट्री में हुए में हुए कार्यों का अवलोकन भी किया। कलेक्टरों को हिदायत देते हुए कमिश्नर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रास्तों का चिन्हांकन करें, जिससे रैकिंग में सुधार होगा साथ ही सभी निराकरण को पोर्टल पर अपडेट करें। इसके साथ अटल ही सेवा स्थापित किए जाने की भी निर्देश कमिश्नर ने दिए हैं। आगामी त्यौहारों को देखते हुए कमिश्नर ने मुख्यमंत्री भ्रमण, रामजी बाबा मेला, बसंत पंचमी, मकर संक्रांति, महादेव मेला, नर्मदा जयंती पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## हिंदू सम्मेलन में अधिक संख्या में शामिल होने मातृशक्तियों का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम जमुनिया की केसरी नंदन हनुमान मंदिर में 18 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन में मातृशक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक को राष्ट्रीय सेविका संघ की विभाग संयोजक स्मिता तोमर एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला अध्यक्ष प्रतिभा साहू ने संबोधित किया। हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का ग्राम की महिलाओं से आह्वान किया। वहीं स्मिता तोमर ने शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन का विषय रखते हुए बताया कि हिंदू महिलाओं को जागरूक रहते हुए सनातन धर्म का पालन करना होगा। बैठक में पूर्व शिक्षिका कृष्ण शर्मा ग्राम की पूर्व सरपंच निर्मला कोरी, ग्राम संगठन की सचिव सीमा सराठे, पंच कंचन पठारिया सहित शहर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही।

## पचमढ़ी के संत श्री गरीब दास जी महाराज का ब्रह्मलीन होना शहर के लिए क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की वादियों और चौरागढ़ की शिखर में अपनी तपस्या से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करने वाले महाराज महात्यागी चौरागढ़ श्री श्री 1008 गरीब दास जी ब्रह्मलीन हो गए हैं। उनका शिव लोक गमन गत 7 जनवरी 2026 को हुआ। इस शोकपूर्ण समाचार से पूरे क्षेत्र के श्रद्धालु और अनुयायी गहरे शोक में हैं। महाराज जी के सम्मान और उनकी स्मृति में मंगलवार को एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसमें नगरवासियों और शिव विवाह समिति ने सभी धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और ब्रम्हलीन महाराज जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करें।

श्री श्री 1008 गरीब दास जी महाराज केवल एक संत नहीं, बल्कि पचमढ़ी और चौरागढ़ क्षेत्र के लिए एक आध्यात्मिक स्तंभ थे। उन्हें 'महात्यागी' की उपाधि उनके



कठोर तप और सांसारिक मोह-माया से उनकी विरक्ति के कारण दी गई थी। महाराज जी ने अपना अधिकांश समय चौरागढ़ की दुर्गम पहाड़ियों और शांत वादियों में साधना करते हुए बिताया। महादेव के प्रति उनकी अनन्य भक्ति ने उन्हें क्षेत्र के हज़ारों लोगों का मार्गदर्शक बनाया। 'गरीब दास' नाम के अनुरूप ही उनका जीवन अत्यंत सरल और आडंबरहीन था। उन्होंने सदैव मानवता, शांति और जीव सेवा का संदेश दिया।

## 85 आवेदनों पर हुई सुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 85 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पेंशन, नामांकन, एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों से जुड़े आवेदनों की समस्याओं का समाधान किया गया। अन्य मामले में ग्राम चंद्रपुरा निवासी कन्हैयालाल चौरे ने वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए आवेदन दिया। रावत ने सम्बंधित अधिकारी को जांच कर वृद्धा पेंशन बहाल करने के लिए निर्देशित किया।एक



अन्य मामले में पीपल मोहल्ला,इटारसी निवासी आलोक श्रीवास्तव ने अटल पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। श्री रावत ने सामाजिक न्याय विभाग अधिकारी को योजना का लाभ प्रदाय करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर रोज परिहार, सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर स्वच्छता अभियान चलाने के दिए निर्देश

### नपाध्यक्ष और सीईएमओ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मकरसंक्रांति पर्व को लेकर मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा नगरपालिका अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली गई। इस दौरान समस्त अधिकारी कर्मचारियों को मकरसंक्रांति पर्व पर मां नर्मदा के सभी घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पाइंटों पर शाम के समय विशेष रूप से अलाव जलाए जाएं। इस दौरान घाटों पर चल रहे पुताई कार्य की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, गौरव वर्मा आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि मां नर्मदा के घाटों पर किसी भी प्रकार से गंदगी न करें। मां नर्मदा में स्नान करते समय साबुन और शैंपू का उपयोग न करें। साथ ही मां नर्मदा में स्नान करते समय सावधानी बरतें। साथ में आए हुए छोटे बच्चों का ध्यान रखें। कमिश्नर केजी तिवारी ने भी त्यौहार को देखते हुए व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### पुण्य स्नान कल



भगवान भास्कर के दक्षिणायन से उत्तरायण में आने का पर्व मकर संक्रांति इस वर्ष दो दिवसीय रहेगा। इस साल संक्रांति पर एकादशी का संयोग भी बन रहा है। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन मां नर्मदा में स्नान व उसके बाद दान करने की प्रथा है। धर्माधिकारी आचार्य सोमेश परसाई ने बताया कि बुधवार 14 जनवरी को रात्रि 9:29 पर मकर संक्रांति आ रही हैं। स्नानदान का पुण्यकाल 15 जनवरी को सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहेगा। इस दिन तिल, वस्त्र, कंबल आदि दान करना चाहिए। वहीं नर्मदापुरम में भी वर्षों से मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा चली आ रही है। ऐसे में बाजारों में पतंगों की रौनक देखते ही बनती है।

## जिस वर्दी को देख अपराधी डरते हैं, वही वर्दी दे रही सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिस वर्दी को देख अपराधियों में खौफ पैदा हो जाता है। वही वर्दी अब विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से अवगत करा रही हैं। ताकि असमय कोई हादसे में घायल या मृत न हो। मंगलवार को डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने सेमेरिटंस स्कूल में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि दुनिया मंगल पर जीवन ढूंढ रही है और हम यहां आपके जीवन में मंगल लाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि और इससे होने वाली मृत्यु की संख्या को देखते हुए लोगों को सड़क पर चलना सीखना चाहिए, यह समझाया। यातायात निरीक्षक सुनीता पटैल ने यातायात के नियम क्या हैं? और इनका पालन क्यों करना चाहिए, यह विद्यार्थियों को बारीकी से बताया। डीएसपी संतोष मिश्रा ने भारत और मप्र में हो रही सड़क दुर्घटना का तुलनात्मक विवरण छात्रों के सामने रखा। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन, हेलमेट आदि का पालन करने की सीख दी। इसके अलावा सड़क पर नशे में वाहन न चलाने का महत्व समझाया, साथ ही दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की बात कही। इस दौरान प्राचार्य प्रेरणा रावत, उप प्राचार्य आरके रघुवंशी सहित यातायातकर्मी मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ का आयोजन

## मढ़ई के पर्यटन क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को तलाशने पहुंचे हिल स्टेशन पचमढ़ी के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी के 'स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ' द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में स्वरोजगार और करियर के आधुनिक अवसरों से रूबरू कराना था।

### प्राचार्य ने दिखाई हरी झंडी

कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. शेखर के उद्बोधन से हुई। उन्होंने




विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव की महत्ता समझाई और हरी झंडी दिखाकर दल को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ई की ओर रवाना किया। प्रकोष्ठ प्रभारी दीपाली जैन एवं रोहित कुशवाहा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने मढ़ई में पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विभिन्न कौशलों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से सीखा। नेचुरलिस्ट : वन्यजीव और प्रकृति गाइड के रूप में करियर। होम स्टे एवं रिसोर्ट प्रबंधनः अतिथि सत्कार और प्रबंधन की बारीकियां। हाई टी सर्विसः पर्यटन में विशिष्ट खान-पान सेवाओं का महत्व।

### आधुनिक माध्यमों से मिला प्रशिक्षण

विद्यार्थियों को यह प्रशिक्षण पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, वीडियो और भौतिक माध्यमों से दिया गया, ताकि वे इस क्षेत्र में आवश्यक कौशल को बारीकी से समझ सकें।

## खबर संक्षेप

### मृत अवस्था में मिला बुजूर्ग, ठंड से मौत की आशंका

**शाहपुर।** मंगलवार सुबह एक बुजूर्ग मृत अवस्था में मिला। आशंका जताई जा रही है कि बुजूर्ग की मौत ठंड के कारण हुई होगी, क्योंकि उक्त बुजूर्ग व्यक्ति के पास रहने के लिए मकान नहीं था और साप्ताहिक बाजार में एक पीपल के पेड़ के नीचे बाजार ग्राउंड में रह रहा था। ऐसे में आशंक है कि बुजूर्ग की मौत ठंड से हुई होगी। जिसकी सूचना पत्रकार संजय जगताप को फोन के माध्यम से वार्ड नंबर एक की पार्षद श्रीमती दीपिका हरिओम बोरबन द्वारा दी गई। उन्होंने थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया को तुरंत बुजुर्ग की मौत की सूचना दी। नगर परिषद शाहपुर के कर्मचारी मनीष शर्मा को भी इस बात की सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### नाला व डब्ल्यूबीएम रोड का नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**बैतूल।** जाकिर हुसैन वार्ड में नगर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नाला एवं डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, वार्ड पार्षद नंदिनी तिवारी, पार्षद अशोक नागले सहित एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान, करण प्रजापति, मधु गुप्ता, गुड्डू ठाकुर, दीपक सराठे, विजय, भूपेंद्र नागले, दुपल्ली सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। नाला बनने के बाद दीपक सराठे के घर से माचना नदी तक डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद नंदिनी तिवारी ने कहा कि वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है और नाला व सडक़ निर्माण से स्वच्छता व यातायात दोनों में सुधार होगा। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने वार्डवासियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## पहली से बारहवीं तक के छात्रों की बनना है अपार आईडी

# कैसे मिलेगी डिजिटल पहचान... 33% विद्यार्थियों की अब तक नहीं बनी आईडी

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान देने के लिए शुरू किये गये अपार आईडी के अभियान की रफ्तार जिले में बहुत ही धीमी है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आंकड़े बताते हैं कि जिले के 2 लाख 61 हजार 864 पंजीकृत विद्यार्थियों में से अब तक सिर्फ 1 लाख 73 हजार 109 की ही अपार आईडी बन पाई है। यानि करीब 33 फीसदी विद्यार्थी आज भी इस सिस्टम से बाहर हैं। दरअसल जिले में आधार कार्ड की तरह हर स्कूली विद्यार्थी का बारह अंकों का अपार कार्ड यानि ऑटोमेटिड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट बनाने का काम चल रहा है, लेकिन इस काम की रफ्तार धीमी होने के कारण जिले में मात्र 66.11 प्रतिशत विद्यार्थियों की ही अपार आईडी बन पाई है। यह हालात शिक्षा विभाग के डिजिटल दावों की पोल खोलते हैं। जिले में 2624 स्कूल संचालित हैं, जहां विद्यार्थियों का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड तैयार करने का लक्ष्य तय किया गया था। पिछले एक साल से प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब भी 88 हजार 755 विद्यार्थियों की अपार आईडी नहीं बनी। यह आंकड़े साफ इशारा करते हैं कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपार आईडी के नॉन जनरेट श्रेणी में दर्ज हैं। यह स्थिति या तो अभिभावकों और विद्यार्थियों में जागरूकता की भारी कमी को दर्शाती है, है, या फिर स्कूल स्तर पर गंभीर लापरवाही को।




### पहले युद्धस्तर पर काम, अब फाइलों में दबा अभियान

अपार आईडी की शुरुआत के समय काम युद्धस्तर पर किया गया। समीक्षा बैठकें हुई, लक्ष्य तय किए गए और नोटिस तक जारी हुए। लेकिन कुछ ही महीनों में पूरा अभियान ठंडे बस्ते में चला गया। नतीजा यह है कि हजारों विद्यार्थी अब भी डिजिटल पहचान से वंचित हैं और शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था सवालों के घेरे में है। वहीं स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि डाटा मिसमैच, आधार व रिकॉर्ड में स्पेलिंग मिसमैच होने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही। आधार सुधार केंद्रों की कमी भी इस प्रक्रिया को जटिल बना रही है। पहले स्कूली मार्कशीट के आधार पर सुधार किया जाता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया और कठिन हो गई है। स्कूल प्रबंधन लगातार इस समस्या के समाधान में जुटे हैं, लेकिन गति बहुत धीमी है। जिसके कारण भी अपार आईडी का काम प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों की समग्र आईडी और आधार में समानंता नहीं होने के कारण भी परेशानी आ रही है।

### शिक्षकों के सामने आ रही कई समस्याएं

अपार आईडी को लेकर शिक्षकों के सामने भी कई समस्याएं आ रही है। शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या आधार कार्ड में छोटी-छोटी त्रुटियां होना है। कई मामलों में विद्यार्थियों के नाम की स्पेलिंग, सरनेम सहित अन्य दस्तावेजों से मेल नहीं खाती, सरनेम गायब है या फिर पते में विसंगतियां है। इन समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करने में लंबा समय लग रहा है। जानकार बताते है कि अपार आईडी में विद्यार्थी का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर, आधार नंबर के साथ चाइल्ड प्रोफाइल एंट्री संपूर्ण होने के साथ आधार सत्यापित होना चाहिए। अभिभावक का मोबाइल नंबर और कोई एक पहचान पत्र भी जरूरी है।

### जिले में 66 प्रतिशत अपार आईडी का काम पूरा

जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक लगभग 2 लाख 61 हजार 864 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनना है। इन सभी की अपार आईडी बनाने का काम स्कूलों को सौंपा है। अभी तक 1 लाख 73 हजार 109 छात्रों की अपार आईडी बन सकी है, जो कुल दर्ज छात्रों का महज 66.11 प्रतिशत है। बताया जा रहा है कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के कुल 182939 बच्चों में से 115314 की आईडी बन चुकी है, वहीं 9वीं से 12 तक दर्ज छात्रों की संख्या 78925 है। जिसमें से 57795 विद्यार्थियों की आईडी बन चुकी है। जबकि

### ब्लाक स्तर पर अपार आईडी की स्थिति

| ब्लाक | स्कूल | विद्यार्थी | जनरेट आईडी |
|---|---|---|---|
| आमला | 298 | 26702 | 16832 |
| आठनेर | 197 | 16635 | 11374 |
| बैतूल | 388 | 53883 | 37498 |
| भैंसदेही | 256 | 24269 | 14644 |
| भीमपुर | 314 | 26891 | 16179 |
| चिचोली | 185 | 17187 | 9583 |
| घोड़ाडोंगरी | 335 | 34832 | 25708 |
| मुलताई | 221 | 24758 | 17802 |
| प्रभातपट्टन | 207 | 16491 | 11103 |

जिले के कुल 2624 स्कूलों में 261864 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

### अपार आईडी में रहेगा विद्यार्थियों का शैक्षणिक ब्योरा

आधार कार्ड की तरह ही स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 12 डिजिट की यह आईडी जनरेट की जाना है। ताकि एक क्लिक पर शैक्षणिक ब्योरा देखा जा सके। यह सिर्फ एक पहचान पत्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य से जुड़ा अहम डिजिटल दस्तावेज भी है। जिसका विद्यार्थी के पूरे जीवन में यूनिक शैक्षणिक पहचान के रूप में उपयोग की जायेगी। बताया जा रहा है कि इसी आईडी के जरिए भविष्य में स्कॉलरशिप, छात्रवृत्ति, ट्रांसफर सर्टिफिकेट, डिजिटल मार्कशीट और उच्च शिक्षा से जुड़े रिकॉर्ड को ट्रैक किया जाएगा। जो विद्यार्थी आज इस सिस्टम से बाहर हैं, वे आगे चलकर सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हो सकते हैं।


### शिविर लगाए जा रहे हैं

जिले में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने का काम जारी है। इसके लिए स्कूलों में शिविर लगाये जा रहे है। अपार आईडी के काम में सबसे ज्यादा दिक्कतें डाटा मिसमैच, आधार व रिकॉर्ड में स्पेलिंग मिसमैच के कारण आ रही है।

- **भूपेन्द्र वरकड़े**, प्रभारी डीपीसी, बैतूल

## पुलिस जांच में जुटी

# हादसे का शिकार हुई गायत्री बस, पति-पत्नि की मौत



**बैतूल।** बैतूल से इंदौर के लिए निकली गायत्री बस, इन्दौर हाईवे पर कन्नौद के पास हादसे का शिकार हो गई। जिसमें कई यात्री घायल हो गये और कुछ यात्रियों की मौत की भी जानकारी है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में चिचोली निवासी राधिका संजू माचीवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति संजू माचीवार गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिन्होंने अस्तपाल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हालांकि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। हादसा मंगलवार सुबह 4 बजे का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री बस बैतूल बस स्टैंड से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। लेकिन कनौद के पास किसी वाहन के कारण हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में अन्य लोगों की भी मौत और कुछ बस यात्री घायल हुए है। हालांकि इस हादसे में और कितने लोगों की मौत हुई और और कितने घायल हुए है, अभी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** रानीपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला घोड़ाडोंगरी चौकी क्षेत्र का है, जहां आरोपी ने युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीडि़ता वर्तमान में आठ माह की गर्भवती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। 12 जनवरी को पीडि़ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्राम मोरमढ़ाना (थाना आमला) निवासी अरुण पिता किशन उइके ने उसे शादी का झांसा दिया था। आरोपी ने उसके घर आकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और हर बार शादी का भरोसा दिलाता रहा। फरियादी युवती फिलहाल करीब आठ माह की गर्भवती है। आरोप है कि गर्भवती होने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, पिछले दो महीने से उसने युवती से संपर्क भी तोड़ लिया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए रानीपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार प्रयास कर आरोपी की घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा बैतूल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला सम्मान और सुरक्षा से जुड़े अपराधों पर पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति है। ऐसे मामलों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**बैतूल।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 23.12.2025 को किया गया है, जो सामान्य नागरिकों के अवलोकन के लिए जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के कार्यालय तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बीएलओ के पास 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक उपलब्ध है। आम नागरिक, मतदाता मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए दावे प्ररूप 6, मतदाता सूची की किसी प्रवृष्टि में संशोधन एवं स्थानांतरण के लिए प्ररूप 8 में घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) के साथ अथवा विलोपन हेतु आपत्तियां प्ररूप-7 में 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। ऑनलाईन दावे, आपत्तियों को वेबसाइड के माध्यम से तथा ऑफलाईन दावे, आपत्तियां बीएलओ को प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोग के निर्देशानुसार उपरोक्त कार्यक्रम अवधि में सभी दावे आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी 2026 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा, निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरतें अधिकारीः कलेक्टर

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पेंशन, आवास, बिजली, पानी, भूमि विवाद सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस दौरान कलेक्टर ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी के ग्राम माथनी निवासी चंद्रवती धुर्वे ने संबल योजना की राशि नहीं मिलने की समस्या बताई जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने श्रम अधिकारी बैतूल एवं जनपद सीईओ घोड़ाडोंगरी को सख्त निर्देशित किया आवेदक कि समस्या का त्वरित समाधान कराएं और ऐसे सभी हितग्राही जिसे किसी खाता संबंधी या अन्य तकनीकी कारण से राशि खाते में अंतरित नहीं हो पा रही हैं।

## अंबेडकर महाविद्यालय में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। 12 जनवरी को सूर्य नमस्कार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर ध्रुवप्रकाश अग्रवाल एवं विशेष अतिथि एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मेनेजर आशीष शुक्ला की उपस्थिति में हुआ। श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन एक पूरी किताब है, युवाओ को उनके जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। संचालक श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वामीजी भारत के महान विचारक एवं दार्शनिक थे। उन्होने विदेशी धरती पर आध्यात्म का परचम लहराया। बी.एड. स्कालर्स कुमारी तेजश्वनी साहू एवं रविन्द्र ने कविता एवं भाषण में भाग लिया जिन्हे प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख ने कहा कि स्वामीजी युवाओ के प्रेरणा पुंज है। उन्होने आध्यात्म को पुनर्जीवित करने के लिए पुरे देश का भ्रमण किया था, कार्यक्रम का संचालन डॉ. गावंडे ने किया।

## चार महीने से नहीं हुई सफाई

# नगर परिषद की कार्यप्रणाली से दुकानदार हो रहे परेशान



**शाहपुर।** नए बस स्टैंड शाहपुर के पास स्टेट बैंक के बाजू में दुकानें संचालित हैं। उन दुकानों के सामने साफ सफाई चार-चार महीने से नहीं हुई है। नागरिक राजा खान ने बताया कि टैक्स नगर परिषद शाहपुर को नगद भुगतान के रूप में देते हैं। लेकिन साफ सफाई 4-4 महीने नहीं होती है। कचरा पेटियों का तो नामोनिशान नहीं बचा है। कचरा फेके तो कहां फेके। दुकानदार रामशंकर भनारे ने बताया कि उनके दुकान के सामने भी साफ सफाई नहीं की जा रही है। नगर परिषद द्वारा जलप्रदाय की पाइपलाइन जमीन के अंदर डली हुई है। उसे फूटे हुए लगभग 2 से 3 माह हो चुके हैं। नगर परिषद को कई बार मौखिक शिकायत करने के बाद भी पाइप लाइन का सुधार नहीं किया गया। पानी बहने से कीचड़ हो रहा है और दुकान में आने जाने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव आज से

**मुलताई।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 14 से 16 जनवरी तक हाई स्कूल मैदान मुलताई में तीन दिवसीय ताप्ती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन बैतूल, नगर पालिका परिषद मुलताई एवं दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है। महोत्सव के सभी कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6.30 बजे से प्रारंभ होंगे। ताप्ती महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक श्री हेमन्त खण्डेलवाल होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग नरेन्द्र शिवाजी पटेल करेंगे। इस अवसर पर मुलताई विधायक श्री चन्द्रशेखर देशमुख, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, नगर पालिका परिषद मुलताई अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गढ़ेकर अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। संचालक संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि ताप्ती महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है। इस महोत्सव के पहले दिन 14 जनवरी को शुभारंभ अवसर पर मां ताप्ती पर केन्द्रित समवेत प्रस्तुति अमृतधारा -ताप्ती का प्रदर्शन किया जाएगा। यह समवेत प्रस्तुति विशेष रूप से विभाग द्वारा तैयार कराई गई है। इसमें ताप्ती की कथा, लोक में ताप्ती का महत्व, उपयोगिता, जीवनदायिनी ताप्ती, मां स्वरूपा ताप्ती एवं नदियों का जनजीवन पर प्रभाव इत्यादि को अभिनय, नृत्य, संगीत एवं संवाद के माध्यम से दर्शाया जाएगा। इस समवेत प्रस्तुति की परिकल्पना एवं लेखन सुश्री वीनस तरकसवार, निर्देशन एवं संगीत संयोजन श्री उमेश तरकसवार एवं नृत्य निर्देशन सुश्री श्वेता देवेन्द्र, भोपाल का है। समवेत प्रस्तुति का विशेष आकर्षण सुविख्यात अभिनेत्री सुश्री हिमानी शिवपुरी, मुम्बई होंगी, जो इसमें सूत्रधार की भूमिका में है। इसके बाद श्री अनिल भीमराव कोलेकर एवं साथी, सांगली द्वारा धनगरी गाजा नृत्य होगा। अंतिम प्रस्तुति सुविख्यात भजन गायिका सुश्री सुरभि चतुर्वेदी, जयपुर की भक्ति गायन की होगी।महोत्सव के दूसरे दिन 15 जनवरी को सर्वप्रथम श्री अनिल भीमराव कोलेकर एवं साथी, सांगली द्वारा धनगरी गाजा नृत्य, इसके बाद श्री सुखदेव दास दास बंजारा एवं साथी, दुर्गद्वारा पंथी नृत्य होगा।

## तीन दिवसीय निःशुल्क योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर 30 जनवरी से

**बैतूल।** योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज की शिष्या पूज्य साध्वी देवादिति जी के सानिध्य में बैतूल में निःशुल्क योग, ध्यान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक काशी किशन मेरिज लॉन, हमलापुर चौक, तहसील बैतूल में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार योग सत्र के पश्चात महिला सम्मेलन तथा जिला एवं तहसील कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही महाविद्यालयों में भी कार्यक्रम निश्चित किए गए हैं। शिविर में योग के माध्यम से मोटापा, डायबिटीज, ऑर्थोराईटिस, हार्ट डिजीज, थायराइड, माइग्रेन, पथरी, चर्म रोग एवं स्त्री रोग सहित विभिन्न बीमारियों के समाधान की जानकारी दी जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगाः राज्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बैतूल जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ भव्य समारोह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम जयवंती हाक्सर महाविद्यालय के अटल सभागृह में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास समिति सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जेएच कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान, मप्र जन अभियान परिषद नर्मदापुरम संभाग से कौशलेश तिवारी, महिला एवं बाल विकास समिति सदस्य श्रीमती हेमलता कुंभारे, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक नीलेश गोस्वामी, धर्मेंद्र परिहार, समाजसेवी श्रीमती ममता मालवी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. अंकिता सीते एवं जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी उपस्थित रहीं। इस



अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर के नेतृत्व में जिस प्रकार गांव-गांव में शासकीय योजनाओं को प्रसारित कर रहा है वह प्रशंसनीय है। देश परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। हर क्षेत्र में विकास दिखाई दे रहा है। सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। गांव और ग्रामीण ही देश की आत्मा हैं तथा विकसित गांव से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि जन अभियान परिषद शासन और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभा रही है। ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। श्री नागर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी एवं परामर्शदाता, परिषद से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थाएं, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठन सक्रिय सहभागिता करेंगे। ग्राम विकास पखवाड़े के दौरान जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामोत्सव आयोजित होंगे, जिनके माध्यम से 11 हजार कार्यक्रमों में लगभग 13 लाख लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि यह अभियान विवेकानंद जयंती से 12 से 26 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ग्रामोत्सव, रैली, चौपाल, सामूहिक श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था जय गुरुदेव उत्थान समिति द्वारा स्वच्छता विषय पर प्रभावी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। स्वास्थ्य विभाग से ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अंकिता सिते के माध्यम से उपस्थित इच्छुक प्रतिभागियों का ब्लड ग्रुप टेस्ट करवाया गया एवं रक्त समूह पहचान पत्र भी जिला चिकित्सालय से प्रदान करवाया गया। इसके साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से युवा संकल्प रैली का आयोजन हुआ, जिसमें माननीय अतिथियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में जिले के समस्त विकासखंडों से ब्लॉक समन्वयक, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, परामर्शदाता,मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं, प्रबुद्ध नागरिकगण सहित लगभग 612 लोगों ने सहभागिता की

## एमराल्ड हेरीटेज़ भूमि आवंटन में मुख्य सचिव, पीएस रेवेन्यू को नोटिस जारी करने संबंधी खबर भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के कुछ समाचार पत्रों द्वारा सोमवार को एमराल्ड हेरीटेज़ भूमि आवंटन में मुख्य सचिव मप्र. शासन, प्रमुख सचिव मप्र. शासन, राजस्व विभाग एवं कलेक्टर को माननीय लोकोपयोगी सेवाओ की स्थाई लोक अदालत में 24 जनवरी 2026 को पेशी पर उपस्थित होने सम्बंधी नोटिस जारी करने के आशय का समाचार प्रकाशित किया। उक्त समाचार की सत्यता का परीक्षण जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। जनसंपर्क कार्यालय बैतूल द्वारा जारी विज्ञपित के अनुसार, माननीय लोकोपयोगी सेवाओं को स्थाई लोक अदालत द्वारा उक्त अधिकारियों को दिनांक 24 जनवरी को उपस्थित होने संबंधी कोई नोटिस जारी नहीं हुए हैं। समाचार में उल्लेखित भ्रामक तथ्य प्रकाशन की विस्तृत जांच पृथक से की जा रही हैं।

**CHANGE OF NAME**

I, **ARUSHI** is a legal daughter of Smt. Mamta Mathanker wife of No. 14823571H Rank- SEP (Late) Yashwant Rao Mathanker resident at Vill.- Taikheda, PO.-Taikheda, Teh.- Multai, Distt- Betul (MP) Pin- 460666 have changed my name from **ARUSHI** to **ARUSHI MATHANKAR** with date of birth 21-12-2007 (Twenty One December Two Thousand Seven) vide affidavit of dated 13/01/2026 before 1st Class Magistrate, Bhopal

**कार्यालय नगरपालिका परिषद आमला जिला - बैतूल (म.प्र.)**

E-mail ID : cmoamla@mpurban.gov.in — Office Ph. No- 07147-285752

क्रमांक/लो.नि.शा./ई-निविदा/2026/56 — **// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //** — आमला, दिनांक - 12/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_475265 Dt:12-01-2026 | Construction work of R.C.C. Sumpwell in ward number 17 near Bodkhi Tanki at Nagarpalika Parishad Amla | 104 Month 2- Rs. 6,95,625/- | 1-Rs.2,000/- 2-Rs.7,000/- | Dt:27-01-26 Time: 17:30 pm |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **https://mptenders.gov.in/** की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

(श्री नितिन गाडरे) अध्यक्ष, नपा आमला — (श्री किशोर माथनकर) उपाध्यक्ष, नपा आमला — मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद आमला

## संगीतमय श्री नर्मदा पुराण का समापन आज



**सोहागपुर।** गोहना में मकर संक्रांति की पावन बेला पर संगीतमय श्रीमद् नर्मदा पुराण का आयोजन संपन्न होगा। आयोजन 8 जनवरी को प्रारंभ हुआ था। जिसका समापन मकरं संक्रांति पर भंडारे के साथ किया जा रहा है। आयोजन में कथा वाचक पंडित विनय शर्मा ने नियमित ही मां नर्मदा के पौराणिक व धार्मिक महत्व पर कथा सुनाई। आयोजक समस्त ग्रामवासियों सहित सुरेश कुशवाहा सरपंच के सहयोग से किया गया।

## चुनाव में लाल झंडा यूनियन की जीत

**इटारसी।** विद्युत लोको शेड कल्याण समिति के चुनाव में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन और एसटी एससी संगठन ने अपना परचम लहराया। 6 में से 4 सीट पर जीतकर यह साबित कर दिया कि कर्मचारियों की बस एकमात्र यूनियन लाल झंडा है। मंडल अध्यक्ष आरके यादव, मनोज रैकवार, सुरेश धुरिया, भूषण कनौजिया, प्रदीप प्रजापति ने जीते प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी।

### गांधी ग्राउंड पर व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ जोरदार आगाज

# हौसलों का शतकः व्हीलचेयर पर बैठकर योद्धाओं ने कहा हम किसी से कम नहीं

जिले में पहली बार इटारसी के गांधी ग्राउंड में दिव्यांग क्रिकेट का अभूतपुर्व और ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार से इसकी शुरुआत हुई वहीं आज बुधवार को समापन होगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को गांधी मैदान पर खेल इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। यहां आयोजित व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल रनों की बौछार का गवाह बना, बल्कि हौसलों की उस उड़ान का भी प्रतीक बना जिसे शारीरिक अक्षमता कभी नहीं रोक सकती। खिलाड़ियों ने कहा जनता को आयोजनों का समर्थन करना चाहिए ताकि हमारा उत्साह बढ़े।

### आप खड़े रहो, हम खेलेंगे

व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों की यह बात जब गांधी ग्राउंड में गूंजी, तो वहां मौजूद हर शख्स का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। नर्मदापुरम जिले में पहली बार आयोजित हो रहे दो दिवसीय व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट ने शहरवासियों को यह संदेश दिया है कि जज्बा अगर बड़ा हो, तो शरीर की बाधाएं मात्र एक शब्द बनकर रह जाती हैं।

### गूंजा अंतरराष्ट्रीय अनुभव

नर्मदापुरम के गौरव और अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेटर जगदीश कुशवाहा ने अपनी खेल प्रतिभा से सबका दिल जीत लिया। भारत की ओर से श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके जगदीश ने गांधी ग्राउंड में शानदार शतक जड़ा। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजनों से विकलांग खिलाड़ियों को खेलने का प्रोत्साहन मिलता है।

### आयोजन के मुख्य अंश

नर्मदापुरम जिले के इतिहास में पहली बार व्हीलचेयर क्रिकेट का आयोजन हुआ। जिसमें भोपाल, ग्वालियर और नर्मदापुरम संभाग की तीन टीमें दमखम दिखा रही हैं। आयोजन समिति के जितेंद्र ओझा ने भावुक होते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों की ऊर्जा देखते ही बनती है। पैरों पर चलने वाले लोगों को इनसे जीने का जज्बा सीखना चाहिए।

### स्टीफन हॉकिंग का उदाहरण, होंगे आयोजन

भोपाल संभाग के खिलाड़ी गजराज सिंह यादव ने इटारसी वासियों की सक्रिय सोच की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने दिव्यांगों को कभी खुद से कम नहीं समझा। गजराज ने विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का जिक्र करते हुए कहा, दिव्यांग किसी से कम नहीं हैं। अगर हमें इसी तरह का मंच मिलता रहा, तो हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का तिरंगा और ऊंचा करेंगे। संस्था का संकल्प है कि ऐसे आयोजन अब निरंतर किए जाएंगे। इन खिलाड़ियों की ऊर्जा और खेल के प्रति समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि व्हीलचेयर उनकी कमजोरी नहीं, बल्कि उनकी ताकत का प्रतीक है। गांधी ग्राउंड के दर्शकों ने तालियों की गडगड़ाहट से खिलाड़ियों का जो उत्साहवर्धन किया, वह इटारसी की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## मिशन परिवर्तन @100 बना बच्चों की मुस्कान का सफल माध्यम



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अनुपम पहल मिशन परिवर्तन @100 के अंतर्गत संचालित अभियान बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अभियान के तहत संपूर्ण जिले के विकासखंड, तहसील एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में शासकीय संस्थाओं का वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है तथा आवश्यक सुधार एवं समस्याओं के समाधान हेतु समन्वित सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में परिवर्तक अधिकारी एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा शासकीय माध्यमिक एकीकृत विद्यालय कुलामडी का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए बैठने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेंच एवं डेस्क उपलब्ध कराए, जिससे विद्यार्थी सुविधापूर्वक बैठकर अध्ययन कर सकें। साथ ही उन्होंने परीक्षा को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को एग्जाम बोर्ड, पैड एवं पेन का वितरण किया तथा विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कर परीक्षा की तैयारी से संबंधित उपयोगी सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त अधिकारी द्वारा विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण किया गया एवं शाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में शाला प्रबंधन तथा ग्राम पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिए गए। परीक्षा सामग्री प्राप्त होने एवं परीक्षा संबंधी मार्गदर्शन मिलने से विद्यालय के छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली।

## विवेकानंद जयंती पर ईशरपुर आश्रम में कार्यक्रम आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्राम ईशरपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्री शंकर विवेकानंद आश्रम में सांस्कृतिक आयोजन किये गए। आश्रम संचालक स्वामी ईशानानंद सरस्वती ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन 11 जनवरी 2026 की सुबह अखण्ड रामचरित मानस पाठ से शुरु हुआ। रात्रि में भजन कीर्तन किये गए तथा 12 जनवरी 2026 को पाठ समापन किया गया। जिसके बाद स्कूली बच्चों के लिये खेल प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए। सांस्कृतिक प्रस्तुति में ईशरपुर के शास स्कूलों के बच्चे व विवेकानंद सेवा समिति के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आश्रम अध्यक्ष स्वामी ईशानानंद सरस्वती तथा स्वामी वीरेश्वराननंद ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर वक्तव्य दिये। अंत में मेधावी बच्चे सम्मानित किये गए। कन्यापूजन व प्रसादी भंडारे के साथ समापन हुआ।

अतिथि रूप में स्वामी सत्यात्माननंद पुरी, स्वामी आत्मानन्द, अखिलेश दीवान, आश्रम से जुड़े भक्त एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जन सुनवाई में शिकायतें, नागरिकों ने सुनवाई में दिए 7 आवेदन पार्षद ने की पीएम आवास योजना में गड़बड़ी करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई जपं सभा कक्ष में की गई। जिसमें नागरिकों ने विविध मांगों को लेकर सात आवेदन दिए हैं। सभी आवेदन निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजे गए हैं।

जन सुनवाई में रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित श्रीराम हनुमान व्यायाम शाला के रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत की गई है। आवेदकों सुनील कुशवाहा, रामसिंह रघुवंशी, कार्तिक शर्मा, शिवम कांत रघुवंशी, दीपक पटेल, मोहित राजपूत, राजा नाथ, रोहित, मोहन पटेल, सूरज पवार, अतुल, पवन मेहरा, प्रदीप, ललित पटेल के अनुसार व्यायाम शाला के समीप सरकारी रास्ते व भूमि पर अज्ञात लोगों ने टप रखकर अतिक्रमण किया है।

आवेदक कपिल कुमार जगदेव ने शिकायत की है कि उन्होंने अतिथि शिक्षक के लिए गणित विषय में चॉइस फिलिंग की थी और उनके स्कोर कार्ड में 190.97 अंक थे। अन्य शिक्षक को ज्वाइनिंग देने से पहले अधिक नंबर वाले शिक्षक से फोन कर सहमति ली जाती है। लेकिन टेकापार व मगरिया शाला प्रभारियों ने अधिक नंबर वाले की सहमति बिना ही कम नंबर वाले शिक्षक को जॉइनिंग दी है।



अगले आवेदन में अनीता उइके पत्नी राजू इंदिरा वार्ड ने शिकायत की है कि उनके घर के सामने 15 दिनों से गंदा पानी भरने की शिकायत नप में की है। लेकिन निराकरण नहीं हो रहा है। अबरार अहमद राजेंद्र वार्ड सोहागपुर के आवेदन अनुसार उन्होंने लोक सेवा के माध्यम से नप में अपने शपथ पत्र, स्कूल दाखिला खारिज, पार्षद प्रमाण पत्र, स्थल पंचनामा आदि दस्तावेज जमा किये हैं। लेकिन उनसे 30 वर्ष पूर्व दिवंगत हुए पिता के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। कलाबाई नागेश शास्त्री वार्ड सोहागपुर ने पति की मृत्यु होने के बाद राशन कार्ड बंद करने की शिकायत की तथा मांग की है कि उनके नाम से नया राशन कार्ड बनाया जाए।

### नपकर्मी पर पार्षद ने लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

नप पार्षद धर्मदास बेलवंशी ने कहा कि नपकर्मी अशोक कुशवाहा द्वारा पीएम आवास में फर्जीवाड़ा किया गया है। कुशवाहा ने स्वयं की पत्नी ममता कुशवाहा के नाम से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर पीएम आवास योजना में नगर के मातापुरा वार्ड में आवास स्वीकृत कराया। लेकिन ग्राम पंचायत बांसखापा के ग्राम जिर्रन में आवास बनाया है। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा पहले भी की जा चुकी है। लेकिन अब तक फर्जीवाड़े में सहयोगी नपकर्मियों सहित कुशवाहा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## सोहागपुर ब्लॉक के गांवों में शुरु हुआ कृषि रथ भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष घोषित किया गया है । जिसके क्रियान्वयन के लिये कृषि रथ पूरे मप्र में चलाए जाएंगे। मंगलवार को सोहागपुर ब्लॉक में कृषि रथ पहुंचा। किसानों को विविध उपयोगी जानकारियों से अवगत कराया गया। सोहागपुर कृषि विकास अधिकारी सुनील बर्डे ने बताया कि कृषि रथ का भ्रमण ग्रापं पालादेवरी, पामली और तेलसिर में हुआ।

इस दौरान नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि नर्मदापुरम ने कृषकों को नई ई-टोकन प्रणाली से खाद प्राप्ति और इसके लाभ बताए। वहीं सुनील बर्डे ने कृषकों को बीज उपचार और किट प्रबंधन बावत बताया। बीज प्रमाणीकरण अधिकारी बीएस हाड़ा ने बीज चयन व नई बीज किस्मों के बारे मे बताया। उद्यान विस्तार अधिकारी दुर्गेशचंद्र बरोदे ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। आत्मा परियोजना के बीटीएम लवकुश पटेल ने प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी महेन्द्र पवार, एटीएम इंद्रजीत उइके, ग्राम पंचायतों के सचिव, सहायक सचिव, पटवारी सरपंच और कृषक उपस्थित रहे।

## 'त्रिसर्ग' माहेश्वरी महाकुम्भ में शामिल हुआ पिपरिया का युवा आयुष अजय घुरका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जोधपुर राजस्थान में अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज ने भविष्य को 'त्रिसर्ग' ने आकार दिया। जिसमें मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा जिला नर्मदापुरम से पिपरिया के युवा आयुष अजय घुरका ने ग्रैंड फिनाले के टॉप-टेन में स्थान बनाते हुए (ऑडियंस पोल) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें 50 हजार का इनाम पाया, इसके साथ ही स्टाल पर अच्छी जानकारी प्रदर्शन करने पर 50 हजार की राशि अलग से प्रदान की गई।



परंपराओं और सांस्कृतिक संवर्धन व सरंक्षण की वीर प्रसूता भूमि मारवाड़ में माहेश्वरी महाधिवेशन व ग्लोबल एक्सपो के रूप में माहेश्वरी समाज के वे सपने साकार हुये जिन्हें समाजबंधुओं ने मिलकर देखा था।

9, 10 एवं 11 जनवरी को माहेश्वरी महाकुम्भ का मूवमेंट को पूरी दुनिया ने देखा कार्यक्रम में भारत वर्ष व विदेशों से 60 हजार से अधिक माहेश्वरी समाज बंधु शामिल हुए। समाज सिर्फ परंपराओं में ही नहीं बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता में भी अग्रणी है, जिसका साक्षी बना स्टार्ट अप कॉन्क्लेव 'त्रिसर्ग' जो 'विचार' 'मार्गदर्शन व निवेश और 'क्रियान्वयन एवं प्रभाव' का संगम है। 'त्रिसर्ग' उद्यमशीलता और नए रोजगार सृजन के अवसरों के लिए स्थापित उद्यमियों व स्टार्टअप्स के लिये एक सेतु बना।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में हुआ परिवर्तन, अब 10 से 5 बजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। नवीन आदेश के अनुसार, अब आंगनबाड़ी केंद्र 15 फरवरी तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम ललित डेहरिया ने बताया कि प्रातः 10 बजे से आंगनवाड़ी खोलना तथा बच्चों का स्वागत करना, निर्मल समय बच्चों की साफ-सफाई का अवलोकन तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की व्यक्तिगत साफ-सफाई गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार प्रातः 10:30 बजे से 11:00 तक सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, प्रातः 11:00 बजे से 11:30 बजे तक बच्चों को नाश्ता दिया जाएगा, प्रातः 11:30 बजे से 12:00 बजे तक बच्चों के द्वारा स्वतंत्र खेल, प्रातः 12:00 बजे से 12:30 बजे तक छोटे समूह की गतिविधियों का आयोजन, प्रातः 12:30 बजे से 01:00 बजे तक भाषा एवं साक्षरता पूर्व कौशल गतिविधियों का आयोजन, दोपहर 01:00 बजे से 01:30 बजे तक रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन सहित अन्य कार्य होगे।

## रेलवे ब्रिज के घटिया निर्माण के दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग को लेकर लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की सामाजिक संस्था संडे सोशल फाउंडेशन ने इटारसी-नर्मदापुरम मार्ग पर द पार्क रिसोर्ट के पास रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। संस्था ने इस संबंध में पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के मुख्य सतर्कता अधिकारी को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा है कि मात्र 2 वर्ष पूर्व निर्मित इस पुल में जगह-जगह गंभीर दरारें आ गई हैं और इसका फाउंडेशन कमजोर दिखाई दे रहा है, फाउंडेशन का मानना है कि निम्न स्तरीय सामग्री के उपयोग से



फाइल फोटो

जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया गया है। संस्था ने आरोप लगाया है कि डीआरएम कार्यालय भोपाल द्वारा जानबूझकर सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को रोका जा रहा है। राज्यसभा सांसद द्वारा संसद में मुद्दा उठाने के बाद मरम्मत कार्य तो शुरू हुआ है, लेकिन दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इस पुल की स्वतंत्र टेक्निकल जांच कराई जाए, दोषी कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जाए और मरम्मत का खर्च भी दोषी ठेकेदार से ही वसूला जाए. संस्था ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जनहित में आगे कदम उठाएंगे।

## खटीक समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न, विस्तार पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कालोनी स्थित शिव-पार्वती मांगलिक भवन में अखिल भारतीय खटीक समाज की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राहिल सोनकर ने किया। इस दौरान समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने को लेकर गहन मंथन किया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता और जिले स्तर पर संगठन विस्तार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। समाज के वरिष्ठजनों और युवा साथियों के सुझावों के आधार पर जिला कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के लिए नामों पर सहमति बनाई गई। जिला अध्यक्ष राहिल सोनकर ने बताया कि अखिल भारतीय खटीक समाज को संगठित और सशक्त बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

पूर्व पार्षद सुरेंद्र सोनकर, पूर्व पार्षद सभापति रजनीकांत सोनकर, संतोष सोनकर, धर्मेंद्र सोनकर, ओमप्रकाश सोनकर, रज्जन सोनकर, विजय सोनकर, रामशंकर सोनकर, दीपक सोनकर सहित अन्य समाजजन मौजूद रहे।

### नार्मदीय समाज मनाएगा आराध्य मां नर्मदा जयंती

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज करेगा वृद्धजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नार्मदीय ब्राह्मण समाज की आराध्य देवी, मोक्षदायिनी मां नर्मदा का जन्म महोत्सव इस वर्ष इटारसी में अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर, लकडग़ंज में समाज की बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

### धार्मिक अनुष्ठानों से होगी शुरुआत

समाज के अध्यक्ष मनमोहन पगारे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 25 जनवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रातः 10 बजे से धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे।



मां नर्मदा की प्रतिमा का विशेष अभिषेक और पूजन-अर्चन किया जाएगा। श्री नर्मदा अष्टक का सामूहिक पाठ, श्री विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ के साथ विश्व कल्याण की कामना की जाएगी, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा विधायक एवं दर्शन सिंह चौधरी सांसद, विशेष अतिथि पंकज चौरे नगर पालिका अध्यक्ष एवं आनंद पार चार्टर्ड अकाउंटेंट व रियल स्टेट कारोबारी मौजूद रहेंगे।

### बुजुर्गों का सम्मान

धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत दोपहर 2 बजे से एक समारोह में 22 वृद्ध महिला एवं पुरुषों का सम्मान होगा। समाज के वरिष्ठों के आशीर्वाद और उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए यह पहल की जा रही है। नर्मदापुरम और सिवनी मालवा इकाई को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में राजेंद्र पाराशर, प्रमोद पगारे, सुरेंद्र साकल्ले, आरके पारे, रमेश नारायण पगारे, सीपी पाराशर, कमलेश पगारे, बीके मुद्दगिल, सुधीर पगारे, एनएन दफ्तरी, राजेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, हर्ष चौरे और विकास पगारे सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## समाजसेवी और पार्षद धर्मदास मिहानी का आकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद और वरिष्ठ समाजसेवी धर्मदास मिहानी का आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे नगर और सिंधी समाज में शोक की लहर दौड़ गई है।

धर्मदास मिहानी केवल एक राजनीतिज्ञ नहीं, बल्कि एक सेवाभावी मार्गदर्शक थे। वे नगर पालिका परिषद में दूसरी बार पार्षद के रूप में जनता की सेवा कर रहे थे। इसके साथ ही, पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तीन बार अध्यक्ष और व्यापार संघ के संरक्षक के रूप में उन्होंने समाज और व्यापारिक हितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। दिवंगत धर्मदास मिहानी, स्वर्गीय किशन चन्द मिहानी के सुपुत्र और बलराम मिहानी के छोटे



भाई थे। उनके परिवार में भाइयों और पुत्रों जितेन्द्र एवं नीरज सहित एक विशाल भरा-पूरा परिवार है। अंतिम यात्रा आज बुधवार, 14 जनवरी को दोपहर 1 बजे उनके निवास, शासकीय अस्पताल के सामने, इटारसी से निकाली जाएगी।उन्होंने समाज सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो अमूल्य योगदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

### घटते-वनों ने बढ़ाई चिंता, मिलीभगत से हरियाली पर माफिया की कुल्हाड़ी

# सागौन कटाई, आगजनी की घटना बढ़ीं, करोड़ों व्यय, फिर भी उपेक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

इस आदिवासी अंचल में कैम्पा-मद से वृक्षारोपण और क्षतिपूर्ति-वनीकरण में घटते-वनों ने चिंता बढ़ा दी है। वही,बिगड़े वनों में सुधार के नाम पर निरंतर भारी-भरकम धन-राशि व्यय की जा रही है। फिर भी वनों की कटाई और आगजनी की घटनाओं से सुरक्षा-इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं। कमोबेश,ऐसी ही स्थिति राजपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 912 की भी है,जिसकी हरिभूमि ने पड़ताल की है। विदित है कि सरकार द्वारा पर्यावरण-संतुलन और वन्य-जीव संरक्षण के लिए विभिन्न योजनायें क्रियान्वित की जा रही है। इसमें कैम्पा मद की वित्तीय-सहायता से क्षतिपूर्ति-वनीकरण आदि किये जा रहें हैं। इसके अंतर्गत वर्ष 2022-23 में राजपुरा बीट के उक्त कक्ष में किये गए कार्यों की स्थिति चिंताजनक है।





#### फेंसिंग नहीं,कैसे होगी सुरक्षा?

विडंबना है कि सम्पूर्ण वन क्षेत्र में फेंसिंग के नाम पर केवल मुख्य गेट और कहीं-कहीं सीमेंट के पोल दिखाई देते हैं। जिनके लोहे के तार और जालियों का कोई अता-पता नहीं है,जिन्हें सुरक्षा बतौर लगाया गया था। इसलिए सुरक्षित वन में किसी भी स्थान से आवाजाही आसान होने से सम्पूर्ण क्षेत्र में पूरी तरह असुरक्षित है। वहां बैल-गाड़ियों और अन्य वाहनों के कई चिन्ह दिखाई दिए, जिससे वन-संपदा जैसे इमारती और जलाऊ लकड़ी के परिवहन की आशंकाएं हैं।

#### सागौन की कटाई, नियंत्रण नहीं

इस बीट में बहुमूल्य सागौन के वृक्षों के विकसित होने के पूर्व ही उनकी बेरहमी से कटाई की जा रही है। वहां पास-पास कई वृक्ष काटे गए हैं,जिनकी गिनती आसानी से की जा सकती है। इसके अलावा कई स्थानों पर सागौन की शाखाएं उगती हुई दिखाई देती है,जिन्हें पूर्व में काट दिया गया था। यह क्रम निरंतर चल रहा है,लेकिन वन विभाग की चुप्पी आश्चर्यजनक है।

#### आगजनी बढ़ी,वन्य-प्राणी मुसीबत में

गौरतलब है कि प्रति वर्ष ग्रीष्म ऋतु में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है,जिससे वन्य-प्राणी मुसीबत में दिखाई देते हैं। इस दौरान उनके जीवन पर ख़तरा मंडराता रहता है। लेकिन जब कभी ऐसी घटनाएं होती है तो उन पर तात्कालिक रुप से नियंत्रण नहीं हो पाता है। वहीं, वन अधिकारी पर्याप्त संसाधन नहीं होने की बात कहते हैं। जबकि दूसरी ओर इन मामलों में दोषियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाना भी चिंताजनक है।

> सुरक्षित वनों में जहां कहीं वन घटते हैं तो कैंपा मद से वनों के सुधार के लिये खाली स्थानों पर वृक्षारोपण करते हैं। वन कटाई और आगजनी की घटनाएं रोकने के लिए वन अमला सदैव तत्पर रहता है।
>
> सुन्दरलाल सेन,
> सहायक वनपाल, सब रेंज झिरन्या

# नहर के पानी से खेत की फसल खराब कलेक्टर बोले- अधिकारी निराकरण करें

### जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम मोरगढ़ी निवासी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिये कलेक्टर श्री जैन को आवेदन दिया। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आवेदक की पात्रता अनुसार समस्या का निराकरण कराने के निर्देष दिये। ग्राम सन्यासा व गोंदागांवकला के किसानों ने रास्ते का अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार टिमरनी को अतिक्रमण हटवाने के निर्देष दिये गये। जनसुनवाई में कोलीपुरा टप्पर निवासी सुन्दरलाल ने नक्षा दुरूस्ती कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर एसडीएम हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देष दिये गये। जनसुनवाई में मसनगांव निवासी रामकृष्ण राजपूत ने नहर के पानी से खेत की फसल खराब होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। टिमरनी निवासी गोविन्द ने बलवटे कॉलोनी में पेयजल पाइप लाइन डालने के लिये आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी टिमरनी को आवेद की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

#### जलसुनवाई में आवेदन निराकृत

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को जनसुनवाई के साथ-साथ जलसुनवाई का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने पेयजल समस्या से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया। जलसुनवाई में ग्राम मनियाखेड़ी निवासी प्रमोद मुकाती ने बोर में मटमेला पानी आने के संबंध में शिकायत की। कलेक्टर श्री जैन ने आवेदन को संज्ञान में लेते हुए मुख्य कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को बोर पानी का टेस्टिंग कराने के निर्देश दिये।

# मांगों पर कांग्रेस ने किया नपा का घेराव, नपाध्यक्ष बोलीं-कांग्रेस कचरा फैलाकर गई, जिसे साफ किया

**हरदा।** मंगलवार को जिला कांग्रेस ने दूषित पानी की समस्या और अन्य मुद्दों को लेकर नगर पालिका का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में सफाई व्यवस्था की कमी और कचरा प्लांट नहीं बनने से लोगों को हो रही परेशानियों के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका गेट पर कचरा फैंक दिया। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद नपाध्यक्ष भारती कमेडिया भाजपा के पार्षदों के साथ कचरा साफ करने पहुंची और कचरा साफ किया।

प्रदर्शन से पहले, शहर के खेड़ीपुरा मोहल्ले में संत रविदास चौक पर कांग्रेस द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। इसके बाद सैकड़ों कांग्रेस नेताओं ने पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।नगर पालिका के गेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगाए थे। हालांकि, कांग्रेसियों ने बैरिकेड कूदकर पुलिस और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी जारी रखी।इस दौरान, एसडीएम अशोक डेहरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेताओं की समस्याओं को सुना और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। कांग्रेस विधायक डॉ आरके दोगने का कहना है कि शहर में लोगों को पीने के लिए दूषित पानी मिल रहा है। वहीं शहर की अवैध कालोनियों में रहने वाले लोगो को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। पूर्व में बना कचरा ट्रीटमेंट प्लांट भी शुरू नहीं हो पाया है। नालियों से पीने के पानी की पाइप लाइन को नही हटाया जा सका है।



#### प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी बैरिकेड पर चढ़कर नारेबाजी करते रहे

कांग्रेस के नगर पालिका घेराव के कुछ देर बाद नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया ओर भाजपा पार्षदों ने हाथों में ग्लब्स पहनकर नगर पालिका के गेट की सफाई की। नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल का कहना है कि कांग्रेस नेताओं ने अपने साथ कचरा लाकर नगर पालिका के गेट पर डाला था, जिससे यह प्रतीत होता है कि उनकी मानसिकता सफाई या अन्य मुद्दों को लेकर केवल दिखावा है। उन्होंने अपनी राजनीति चमकाने को लेकर यह प्रदर्शन किया है।जबकि नगर पालिका सफाई को लेकर हमेशा तत्पर है। इसी को लेकर नपाध्यक्ष ओर भाजपा पार्षदों ने गेट की सफाई की है।

# खमलाय में विद्यार्थियों को साइकिल का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

ग्राम पंचायत खमलाय में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल खमलाय में साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामविलास पटेल भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं एवं उमेश साकल्ले की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न कराया गया। शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य जी डी नायरे एवं सहयोगी शिक्षक मुकेश कुमार भंवरे, संतोष कुमार पटेल एवं अतिथि शिक्षक गण मौजूद रहे। वर्तमान में 16 साइकिल का वितरण आज मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में रामभरोसे आजना सुनील बिश्नोई परमानंद बिश्नोई अभिषेक बिश्नोई हंसराज बिश्नोई उपस्थित थे।

## स्कूल के 20 बच्चों को निशुल्क बैग मिले

**रहटगांव।** सूर्य नमस्कार के उपलक्ष्य प्राथमिक शाला पानतलाई में 20 बच्चों को विष्णु प्रसाद चौधरी शिक्षक द्वारा बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। इसके साथ ही पंकज दुबे द्वारा 20 बच्चों को पेन कीट वितरित किए एवं माध्यमिक शाला\ पानतलाई की 8 बालिकाओं को विष्णु चौधरी की तरफ से जूते वितरित किए गए। इस अवसर पर रहटगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र उपाध्याय, पुरुषोत्तम राठौर रामकृष्ण गौर ,दीपक चौधरी,प्रदीप शर्मा ,हीरालाल चौहान ,लोकेश गौर,हरिओम गौर ,अमन गौर ,गौरव मस्कोले एवं स्टाफ मौजूद था।





## आमसागर में ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का हुआ आयोजन

**रहटगांव।** ग्राम आम सागर में मंगलवार को ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनिल कुमार द्विवेदी द्वारा सत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गांव में जन्मे बच्चों का गृह शिशु आधारित भेट भी किया गया व संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज मुकेश कुमार बटाने, सीएचओ सोनिका कुमरे, एएनएम सावित्री तिग्गा, आशा कार्यकर्ता गुलाब इवने सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### कलाकारों ने बालागांव में आयोजित रामलीला में किया शानदार पाठ प्रस्तुत

# मेघनाथ ने लक्ष्मण पर छोड़ी शक्ति, हनुमान लाए संजीवन



**हरदा।** करीबी ग्राम बालागांव में रामलीला मंडल द्वारा लक्ष्मण शक्ति मेघनाथ संवाद का रोचक संवाद दिखाया गया। कलाकारो द्वारा रामलीला में रामचरित मानस के आधारित पर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। जिसमें भगवान ने अंगद को अपना शांति दूत बनाकर लंका भेजा। अंगद ने रावण से कहा यदि आप श्रीराम को माता जानकी लौटा दे तो भगवान आपको उनकी शरण में रख लेंगे परंतु रावण ने शांति प्रस्ताव ठुकरा दिया। इसके बाद लक्ष्मण को मेघनाथ के द्वारा शक्ति लगने पर सुषेण वैद्य से संजीवन बूटी लाने का कहा, लेकिन बूटी नहीं पहचान पाए तो हनुमान जी द्रोणागिरी पर्वत सहित उठाकर लाए। यह समाचार जब रावण के दूतों ने रावण को सुनाया तो रावण विचलित हो उठा। बाद में रावण को अपने भाई विभिषण दारा समझाईश दी जाती है, लेकिन रावण क्रोध में विभीषण को महल से बाहर निकाल देता है। इससे व्याकुल होकर विभिषण राम के शरण में चले गए। तब विभीषण ने लंका के गुप्त रहस्य भगवान भगवान श्रीराम को बताए। इसके बाद विभीषण का राजतिलक करके माता सीता को अपने साथ अयोध्या ले आए। यहां पुनःभगवान श्री रामचंद्र का चारों भाई के साथ अभिषेक किया गया। रामलीला के समापन के अवसर पर रामलीला मंडल द्वारा सभी सदस्यों को एवं आसपास के ग्रामीण और दर्शक गणों को आभार व्यक्त किया।

#### नगर में निकली कलश यात्रा, पुष्पवर्ष से हुआ स्वागत



**रहटगांव।** पांच दिवसीय हरी कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरुआत नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ की गई बैंड बाजे और डीजे के साथ कलश यात्रा नगर में भ्रमण करते हुए निकली गई। जगह-जगह फूल वर्षा कर नगरवासियों ने स्वागत किया। कथा वाचक साध्वी चित्रा भारती द्वारा कथा के पहले दिन मानव इतना अशांत दुखी क्यों है इस विषय पर भक्तों को बताया।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक ने सिविल लाइन थाना हरदा के अपराध क्रमांक 37/2025 धारा 318 (4), 338 बीएनएस में फरार आरोपी मुशर्रफ खान पिता मुनव्वर खान निवासी कुलहरदा की गिरफ्तारी के लिये 3 हजार रूपये के इनाम की उद्घोषणा की है। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना देगा या गिरफ्तारी में मदद करेगा, उसे इनाम की यह राशि दी जाएगी। यदि सूचनाकर्ता चाहेगा तो उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला हरदा का मान्य होगा।

# मध्यप्रदेश का ओलंपिक खेलो एमपी यूथ गेम्स का आगाज

### 15 को ब्लॉक व 17 से 19 तक जिला स्तरीय खेल



**हरदा।** मध्य प्रदेश का ओलम्पिक खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रदेश के हर गांव से खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य सेकबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल, बास्केटबाल, फुटबाल, हॉकी, रस्साकसी, पिट्टू, क्रिकेट, एथलेटिक्स, तैराकी, योग, बैडमिंटन, शतरंज, टेनिस, कुश्ती, मलखम, जूडो, ताइक्वांडो, वाटर स्पोर्ट्स सहित 21 खेलो का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 4 चरणों ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजित होगी। ब्लॉक एवं जिले पर खिलाड़ियों का चयन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। सभी खेलो का आयोजन खेल विभाग एवं जिला खेल संघ के समन्वय से किया जाएगा। खेल विभाग के अधिकारी, खेल संघों के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय निर्णायक की चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा । चयनित खिलाड़ी जिले से संभाग व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी को हरदा, खिरकिया एवं टिमरनी में ब्लॉक स्तरीय एवं 17 जनवरी से 19 जनवरी तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

### प्रदेश में खिलाड़ियों को उपलब्ध करा रहे हर संभव सुविधाएं: केंद्रीय मंत्री

# हमारे जिले में प्रतिभाएं बहुत हैं बस उनको सही प्लेटफार्म मिलना चाहिए: पूर्व मंत्री कमल पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस से हरदा में प्रारम्भ कमल युवा खेल महोत्सव का समापन स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। समापन अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि जिले में प्रतिभाएं बहुत हैं बस उन्हे सही प्लेटफार्म मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल ने हरदा जिले के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी पहल शुरू की है। जिसका लाभ जिले के खिलाड़ियों को मिल रहा है।



इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार खिलाड़ियों व खेलों के प्रोत्साहन के लिये सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य के लिए खेल बहुत जरूरी हैं। हरदा में यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है क्योंकि जिला स्तर पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में ओलंपिक नियमों और मापदंडों के अनुसार बच्चों को खेल खिलाए गये है। उन्होने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को सरकार हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रही है। खेल को केवल खेलने के लिये नहीं बल्कि जीतने की भावना से खेलना चाहिए तभी सफलता मिलेगी। उन्होने कहा कि पिछले वर्षों में देश के बहुत से खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश का नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि आयोजन में 29 खेलों में लगभग 5 हजार खिलाड़ी शामिल हुए हैं। कमल युवा खेल महोत्सव में हैण्डबॉल, फुटबॉल, व्हालीबॉल, रस्साकसी, टेबल टेनिस, खो खो, बैडमिन्टन, कबड्डी, एथलेटिकक्स, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़, लम्बी कूद गोला व भाला, और चकरी फेंक सहित कुल 29 खेलों के मैच आयोजित किए गये।

#### सांसद खेल महोत्सव : खिलाड़ियों को किया सम्मानित

राज्य मंत्री श्री उईके ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। खेल समन्वयक सलमा खान ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का आयोजन दिसंबर माह में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया गया था, जिसमें व्यक्तिगत एवं समूह खेल खो खो, कबड्डी, रस्साकशी, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, योग, बैडमिंटन हॉकी, फुटबाल, क्रिकेट, पिट्टू खेलों का आयोजन किया गया। संसदीय क्षेत्र बैतूल में आयोजित सभी खेलों में हरदा टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से कबड्डी बालिका वर्ग, खो खो बालिका, फुटबाल बालिका वर्ग आदि आयोजन किए।